अग्रवाल महाविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में हवन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में आज प्रातः हवन द्वारा महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों, विशेषतः विद्यार्थियों की सफलता के लिए मंगलकामना की गई। हवन में अग्रवाल प्रबन्ध समिति के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता, उप–प्रधान डॉ. वासुदेव गुप्ता, प्रबन्ध समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री दिनेश गुप्ता, प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और गैर शिक्षण कर्मचारी मौजूद थे। मंत्रोच्चार की ध्वनियों व हवन की पवित्र अग्नि से वातावरण सुशोभित हो रहा था। अग्रवाल महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति व प्राचार्य विद्यार्थियों को सुशिक्षित करने के साथ–साथ उन्हें संस्कारशील बनाने में प्रयत्नरत रहते हैं। प्रतिवर्ष शैक्षणिक सत्र के आरम्भ में हवन किया जाता है ताकि विद्यार्थी अपनी संस्कृति से जुड़े रहें। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के प्रधान श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता जी ने सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को अध्ययन–अध्यापन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु सफलता की कामना की।